प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

01.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे

" मुख्य समाचार"

- प्रदेश भर में धूमधाम से मनाया गया नववर्ष 2026–साल के पहले दिन विभिन्न धार्मिक स्थलों पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा– आम लोगों के हित में सरकार ने किए नीतिगत बदलाव–हिमाचल को समृद्ध राज्य बनाने के लिए प्रयासरत्त।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने चिट्टे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को ज़िम्मेदारी से चलाने की सरकार को दी सलाह।
- कुल्लू में भुंतर–रामशिला मार्ग पर वाहन के ट्रक से टकराने पर चार युवाओं की मृत्यु।
- प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी व अन्य इलाकों में बूंदाबांदी व तेज हवाओं से शीतलहर बढ़ी।

नया साल

प्रदेश भर में नववर्ष 2026 धूमधाम से मनाया गया। मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने शिमला के तारा देवी मंदिर में पूजा–अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मूलभूत सुविधाओं में सुधार पर सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। इससे पहले मुख्यमंत्री ने आज शिमला स्थित लोक भवन पहुंच कर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल को नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और समग्र विकास की कामना की। इस अवसर पर मंत्रिमंडल के सदस्य जगत सिंह नेगी, विक्रमादित्य सिंह और राजेश धर्माणी व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार सहित अन्य लोगों ने भी राज्यपाल को नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने भी लोक भवन शिमला जाकर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल को नववर्ष की शुभकामनाएं दी। इस बीच नववर्ष के अवसर पर प्रदेशभर से आए लोगों ने मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू से शिमला में ओक ओवर और राज्य सचिवालय में भेंट कर उन्हें नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं। कैबिनेट मंत्री, विधायक, वरिष्ठ अधिकारी, पुलिस अधिकारी और अन्य कर्मचारी मुख्यमंत्री को नए साल की शुभकामनाएं देने पहुंचे। सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने नववर्ष की शुभकामनाओं के लिए प्रदेशवासियों का आभार व्यक्त किया है।

श्रद्धालु

इस बीच नववर्ष के उपलक्ष्य पर प्रदेश के विभिन्न धार्मिक स्थलों पर आज श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही और लोगों ने नए साल की शुरूआत देवी देवताओं के आर्शीवाद के साथ की। सोलन के शूलिनी माता मंदिर में लोगों ने माथा टेका और सुख समृद्धि की कामना की।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार तीन साल पहले व्यवस्था परिवर्तन की सोच के साथ आगे बढ़ी और राज्य में आम लोगों के हित में नीतिगत बदलाव किए गए हैं जिनका लाभ इस साल मिलना शुरू होगा। आज शिमला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि सरकार ने भ्रष्टाचार को रोक कर वर्ष 2027 तक हिमाचल को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लिया है।

मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि पूर्व भाजपा सरकार प्रदेश पर लगभग 75 हजार करोड़ रूपए का कर्ज और 10 हजार करोड़ की देनदारियां छोड गई थी। उन्होंने कहा कि विभिन्न चुनौतियों के बावजूद सरकार हिमाचल को समृद्ध राज्य बनाने के लिए प्रयासरत है।

सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के अलावा इस वर्ष युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित किए जाएंगे।

जयराम

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार को चिट्टे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को सभी को साथ लेकर और जिम्मेदारी से चलाने की सलाह दी है। आज शिमला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि अभियान में गंभीरता होनी चाहिए और इसे एक इवेंट के रूप में नहीं मनाना चाहिए। जयराम ठाकुर ने कहा कि नशा तस्करों के दबाव में आकर सरकार नशे में संलिप्त लोगों को पकडने वालों के खिलाफ मुकदमें दर्ज कर रही है जो दुर्भाग्यपूर्ण है। जयराम ठाकुर ने उम्मीद जताई कि बिलासपुर में महिला मंडलों पर बनाए गए मामलों को सरकार जल्द वापिस लेगी।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि केंद्र सरकार हिमाचल की भरपूर मदद कर रही है और हाल ही में 6 सौ दो करोड़ भी प्रदेश को दिया गया है।

अनुराग

पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा है कि पिछले 11 वर्षों में मोदी सरकार द्वारा किए गए अभूतपूर्व सुधारों व प्रभावी आर्थिक नीतियों की वजह से भारत दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। उन्होंने कहा कि आज भारत का विदेशी मुद्रा भंडार अब तक के सर्वोच्च स्तर पर पहुंचते हुए पहली बार सात सौ अरब डॉलर के पार पहुंच गया है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि देश में प्रमुख क्षेत्रों में चौतरफा गति को देखते हुए आरबीआई ने वर्ष 2025—26 के लिए अपने जीडीपी विकास अनुमान को छः दशमलव से आठ प्रतिशत बढ़ाकर सात दशमलव तीन प्रतिशत कर दिया है।

दुर्घटना

कुल्लू में भुंतर—रामशिला फोरलेन मार्ग पर कल देर रात एक वाहन के अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक के साथ टकराने से चार युवाओं की मृत्यु हो गई है। ये वाहन भुंतर—जिया से कुल्लू की ओर आ रहा था जिसमें चार युवक—युवतियां सवार थे। इनमें तीन युवकों की मृत्यु क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू जबकि एक की एम्स बिलासपुर में मृत्यु हुई है। ये सभी कुल्लू जिला के रहने वाले थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर हादसे की जांच शुरू कर दी है।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज दिन भर बादल छाए रहे और उंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी जबकि अन्य इलाकों में बूंदाबांदी का समाचार है। कुल्लू जिला के रोहतांग व सोलंग नाला सहित किन्नौर व चंबा जिलों की ऊंची चोटियों पर हल्की बर्फबारी हुई है। शिमला के समीप प्रसिद्ध पर्यटन स्थल कुफरी में दिन के समय बर्फ के हल्के फाहे गिरे और ठंडी हवाएं चलती रही। मौसम के बदले मिजाज से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है जिससे शीतलहर बढ़ गई है। मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों के दौरान ऊंचाई वाले क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर हल्की बर्फबारी जबकि निचले जिलों में हल्की बारिश की संभावना जताई है। विभाग ने निचले मैदानी इलाकों में शीतलहर के साथ घना कोहरा छाए रहने का पूर्वानुमान जारी किया है।

रक्तदान

गुरू श्रीतेगबहादुर जी की शहादत के तीन सौ 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में नववर्ष पर उमंग फाउंडेशन द्वारा शिमला के विभिन्न गुरूद्वारा साहिब के सहयोग से आज रिज मैदान पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। उमंग फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रोफेसर अजय श्रीवास्तव ने बताया कि शिविर में लोगों ने रक्तदान में बढ़चढ़ कर भाग लिया।

धर्माणी

नगर व ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि प्रदेश सरकार ने हिमाचल के हितों की रक्षा करते हुए महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। आज घुमारवीं में एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार से प्रदेश हित में अपेक्षाकृत सहयोग नहीं मिला है और वर्ष 2023 में प्राकृतिक आपदा के दौरान राज्य सरकार ने अपने सीमित संसाधनों से 45 सौ करोड़ रूपए का विशेष राहत पैकेज जारी किया। धर्माणी ने कहा कि राज्य सरकार ने प्राकृतिक आपदाओं आर्थिक दबाव और राजनीतिक चुनौतियों के बावजूद तीन साल के कार्यकाल में हर वर्ग को लाभान्वित किया है।

'' मुख्य समाचार एक बार फिर''

- प्रदेश भर में धूमधाम से मनाया गया नववर्ष 2026–साल के पहले दिन विभिन्न धार्मिक स्थलों पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा– आम लोगों के हित में सरकार ने किए नीतिगत बदलाव–हिमाचल को समृद्ध राज्य बनाने के लिए प्रयासरत्त।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने चिट्टे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को ज़िम्मेदारी से चलाने की सरकार को दी सलाह।
- कुल्लू में भुंतर–रामशिला मार्ग पर वाहन के ट्रक से टकराने पर चार युवाओं की मृत्यु।
- प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी व अन्य इलाकों में बूंदाबांदी व तेज हवाओं से शीतलहर बढ़ी।